प्रतिदर्श–पेपर 2023–24
विषय–भूगोल (केवल प्रश्नपत्र)
कक्षा–12

समयः 03 घण्टे 15 मिनट पूर्णांकः70

नोट– प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु निर्धारित है।

निर्देशः–

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।
(2) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहुविकल्पीय है।
(3) प्रश्न संख्या 9 से 16 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है।
(4) प्रश्न संख्या 17 से 22 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है।
(5) प्रश्न संख्या 23 से 24 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है।
(6) प्रश्न संख्या 25 से 26 तक मानचित्र से सम्बन्धित प्रश्न है।
(7) उपयुक्त रेखा, मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)
निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिये–

1. मानव विकास की अवधारणा निम्नलिखित में से किस विद्वान की देन है– 1
क– प्रो0 अमर्त्य सेन
ख– डा0 महबूब–उल–हक
ग– एलन सी0 सेम्पुल
घ– रैटजेल

2. निम्नलिखित देशो में से किस देश में सहकारी कृषि का सफल परीक्षण किया गया है। 1

क– रूस
ख– डेनमार्क
ग– भारत
घ– नीदरलैण्ड

3.निम्न में से कौन–सा एक जलमार्ग, मैक्सिको की खाड़ी में है– 1

क– विशाल झील जलमार्ग
ख– वोल्गा जलमार्ग
ग– डेन्यूब जलमार्ग
घ– मिसीसिपी जलमार्ग

4. निम्नलिखित में से कौन तृतीयक क्रियाकलाप नहीं है– 1
(i) मनोरंजन सेवायें (ii) चीनी का उत्पादन
(iii) हलवाई का कार्य (iv) चल–अचल सम्पत्ति का क्रय–विक्रय

<u>उत्तर विकल्प–</u>

क– (i), (iii) एवं (iv)
ख– (ii) एवं (iv)
ग– केवल (ii)
घ– उपरोक्त सभी

5. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि में– 1
क– प्रति व्यक्ति उत्पादन कम होता है
ख– प्रति व्यक्ति उत्पादन अधिक होता है
ग– खेतों का आकार छोटा होता है
घ– कृषि भूमि कम और जनसंख्या अधिक होती है।

6. भारत के पूर्वी तट पर कौन सा बन्दरगाह **<u>नहीं</u>** है– 1

(i) मुम्बई (ii) मार्मागोआ
(iii) चेन्नई (iv) तूतीकोरिन

<u>उत्तर विकल्प–</u>

क– (i) एवं (ii)
ख– (ii) एवं (iii)
ग– (ii) एवं (iv)
घ– (iii) एवं (iv)

7.निम्नलिखित में से किस स्थान पर पहला परमाणु ऊर्जा स्टेशन स्थापित किया गया था ? 1
क– कलपक्कम
ख– नरोरा
ग– राणा प्रताप सागर
घ– तारापुर

8. नीचे कथन और कारण दिये गये है। सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1
**कथन**– धान, गेंहूँ, आम और दलहन की फसलों के लिए जलोढ़ मिट्टी उपयोगी है।
**कारण**– जलोढ़ मिट्टी अधिक नमी के लिए प्रसिद्ध है।

क– कथन सही है।
ख– कारण सही है
ग– कथन एवं कारण दोनों सही है एवं कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।
घ– कथन एवं कारण दोनों सही है परन्तु कारण कथन की उचित व्याख्या नही करता है।

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

9. रेटजेल के शब्दों में मानव भूगोल को परिभाषित कीजिये। 2
10. जननांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त का उपयोग क्यों किया जाता है? 2
11. मानव विकास के चार प्रमुख घटकों के नाम लिखिये? 2
12. पंचम क्रियाकलाप क्या है? 2
13. आर्थिक दृष्टि से भारत की जनसंख्या को कितने भागों में बांटा गया है? 2
14. दक्षिण भारतीय राज्यों में से किस राज्य में भौम जल का उपयोग कुल भूमि जल संभाव्य से अधिक है? इसके दो कारण लिखिए। 1+1
15. परिक्षिप्त (एकाकी) बस्तियाँ किस प्रकार की होती है? ये भारत के किन राज्यों मे पायी जाती हैं? 1+1
16. धात्विक खनिज एवं आधात्विक खनिज में कोई दो अन्तर लिखिये? 1+1

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

17. "विश्व की 90 % जनसंख्या केवल 10 % क्षेत्र में निवास करती हैं।" कारण लिखिए। 4
18. ऋणात्मक भुगतान संतुलन का होना किसी देश के लिए क्यों हानिकारक होता है? 4
19. बाजारीय सब्जी कृषि नगरीय क्षेत्रों के समीप क्यों की जाती है? 4
20. अलवणीय जल की उपलब्धता को सुधारने हेतु चार विधियों को लिखिए। 1+1+1+1
21. ऊर्जा के अपारंपरिक स्त्रोत कौन–से है। किन्ही दो के विषय में लिखिये। 2+2
22. सतत पोषणीय विकास की संकल्पना को परिभाषित कीजिये। 4

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

23. व्यापार के लिए पत्तन किस प्रकार सहायक होते है? पत्तनों का वर्गीकरण उनकी अवस्थिति के आधार पर कीजिए। 3+3

अथवा

मानव के प्राकृतीकरण की संकल्पना को स्पष्ट कीजिये। 6

24. भारत में भू–संसाधनों की पर्यावरणीय समस्याएं कौन सी हैं? इनके निदान के उपाय लिखिए। 3+3

अथवा

भारत में किन महत्वपूर्ण वस्तुओं का आयात किया जाता है? भारत के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की बदलती प्रकृति का वर्णन कीजिए। 2+4

25. दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों द्वारा दर्शाइये और उनके नाम भी लिखिये।

1— भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य ½+½
2— पूर्व से पश्चिम प्रवाहित होने वाली एक नदी ½+½
3— मध्य प्रदेश का एक प्रमुख तांबा क्षेत्र ½+½
4— गुजरात का सबसे बड़ा महानगर ½+½
5— उत्तर प्रदेश का प्रमुख परमाणु शक्ति केन्द्र ½+½

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर**

1. भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य का नाम लिखिये। 1
2. पूर्व से पश्चिम प्रवाहित होने वाली एक नदी का नाम लिखिये। 1
3. मध्य प्रदेश के एक प्रमुख ताँबा क्षेत्र का नाम लिखिये। 1
4. गुजरात के सबसे बड़े महानगर का नाम लिखिये। 1
5. उत्तर प्रदेश के प्रमुख परमाणु शक्ति केन्द्र का नाम लिखिए। 1

26. दिये गये संसार के रेखा मानचित्र में उपयुक्त चिह्नों द्वारा निम्नलिखित को दर्शायें एवं उनके नाम भी लिखिये–

1— एशिया का सबसे कम जनसंख्या वाला देश। ½+½
2— उत्तरी अमेरिका का सबसे बड़ा देश (क्षेत्रफल की दृष्टि से) ½+½
3— जापान का सबसे बड़ा नगर। ½+½
4— अटलांटिक महासागर को प्रशान्त महासागर से जोड़ने वाली नहर । ½+½
5— राइन नदी जलमार्ग (नौकायन योग्य प्रवाह मार्ग किन्ही दो देशों तक)। ½+½

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर)**

1. एशिया के सबसे कम जनसंख्या वाले देश का नाम लिखिए। 1
2. उत्तरी अमेरिका के सबसे बड़े देश का नाम लिखिए।(क्षेत्रफल की दृष्टि से) 1
3. जापान के सबसे बड़े नगर का नाम लिखिए। 1
4. अटलांटिक महासागर को प्रशान्त महासागर से जोड़ने वाली नहर का नाम बताइये। 1
5. राइन नदी जलमार्ग से जुड़ने वाले किन्हीं दो देशों के नाम लिखिए। 1